# B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

## PRE MID TERM EXAMINATION (2026-27)

**HINDI (085) SET – 1**

| | |
|---|---|
| Class : VIII | Duration: 1.00 Hrs |
| Date : 21.07.2026 | Max. Marks: 25 |
| Admission No.: | Roll No.: |

---

सामान्य निर्देश:-1 इस प्रश्न पत्र में पाँच प्रश्न है ।
2 उत्तर यथासंभव क्रमानुसार लिखें ।
3 प्रश्नों के निर्देश ध्यान पूर्वक अवश्य पढ़े।

---

प्रश्न 1 पठित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए - (अंक 5)

16 वीं शताब्दी की बात है बादशाह हुमायूं शेरशाह से हार कर भागा था और सिंध के रेगिस्तान में मारा मारा फिर रहा था | एक अवसर पर प्यास से उसकी जान निकल रही थी |उसी समय एक ब्राह्मण ने इसी लोटे से पानी पिलाकर उसकी जान बचाई थी| हुमायूं के बाद अकबर ने उस ब्राह्मण का पता लगाकर उससे इस लोटे को ले लिया और इसके बदले में उसे इसी प्रकार के 10 सोने के लोटे प्रदान किया | यह लोटा सम्राट अकबर को बहुत प्यार था| इसी से इसका नाम अकबरी लोटा पड़ा| वह बराबर इसी से वजू करते थे| सन 57 तक इसके शाही घराने में रहने का पता है पर इसके बाद वह लापता हो गया |

1) उपर्युक्त कथा कौन किसको बता रहा है?
क) पंडित बिलवासी अंग्रेज को
ख) लाला झाऊलाल अंग्रेज को
ग) लाला झाऊलाल बिलवासी जी को
घ) अंग्रेज बिलवासी जी को

2) बादशाह हुमायूं किससे डरकर भागा था?
क) औरंगजेब
ख) शेरशाह से
ग )अहमदशाह से
घ) अकबर से

3) लोटा किसे प्यारा था?
क) अकबर को
ख) हुमायूं को
ग) शेरशाह सूरी को
घ) किसी को नहीं

4) कथन (A) तथा कारण (R )को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए।

कथन (A) ब्राह्मण ने इसी लोटे से हुमायूं को पानी पिलाया था।

कारण (R)   अकबर ने ब्राह्मण को 10 सोने के लोटे दिए।

क) कथन A सही है लेकिन कारण R गलत है।

ख) कारण R सही है लेकिन कथन A गलत है।

ग) कथन A और कारण R दोनों गलत हैं।

घ) कथन A और कारण R दोनों सही है।

5) लोटा शाही घराने में कब तक था ?

क) 1957

ख) 1857

ग) 1457

घ )1657

प्रश्न 2 निर्देशानुसार पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (अंक 5)

1) खुशबू शब्द का विलोम लिखिए |

2) आकाश का पर्यायवाची लिखिये |

3) राधा ने सुंदर कपड़े पहने |( विशेषण खोजकर लिखिए|)

4) मोहन पतंग उड़ा रहा है| (क्रिया को अलग से लिखिए)

5) भोजनालय का संधि विच्छेद कीजिये |

प्रश्न 3 निम्न प्रश्नों के उत्तर 20 से 25 शब्दों में दीजिए। (अंक 4)

1) पर्वतीय  क्षेत्रों  में सड़क दुर्घटनाएं ज्यादा क्यों होती हैं?

2) पानी पीने के संबंध में क्या-क्या नियम है?

प्रश्न 4 निम्न प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में दीजिए। (अंक 6)

1) वाहन चलाते समय सड़क के नियमों का पालन करना अति आवश्यक क्यों है?

2) लेखक ने बच्चों को क्या विचार करने के लिए कहा है?

प्रश्न 5  'बादल छाता' के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए (अंक 5)

===================== शुभकामनाएँ ======================